जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी


www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-28 | जयपुर, सोमवार, 24 जुलाई, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान न्यूनतम आय गारन्टी विधेयक-2023 ध्वनिमत से पारित, राजस्थान सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने वाला देश का पहला राज्य बना

**जयपुर (हमारा वतन)।** संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि प्रदेश के सभी ग्रामीण एवं शहरी परिवारों को एक वर्ष में 125 दिवस का रोजगार और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा एवं एकल महिला को प्रतिमाह न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन की गारंटी के लिए महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी योजना शुरू होगी। इसके लिए राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक-2023 लाया गया है। धारीवाल शुक्रवार को विधान सभा में राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक-2023 पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कानून बनाकर इस तरह की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि इस अधिनियम के लागू होने पर प्रदेश के सभी



ग्रामीण परिवारों को मनरेगा योजना के अंतर्गत 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने के बाद 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्राप्त हो सकेगा। वहीं, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत शहरी परिवारों को भी 125 दिवस का रोजगार मिलने की गारंटी होगी। उन्होंने बताया कि राज्य में वृद्धजन, विशेष योग्यजन, विधवा एवं एकल महिला को प्रतिमाह एक हजार रुपये न्यूनतम पेंशन की गारंटी मिलेगी। साथ ही, इसमें 15 प्रतिशत स्वतः वृद्धि का प्रावधान किया गया है, जो जुलाई में 5 प्रतिशत एवं माह जनवरी में 10 प्रतिशत की दर से होगी। इस वृद्धि की आधार राशि 1000 रुपये होगी। धारीवाल ने कहा कि कानून बन जाने के बाद उपरोक्त प्रावधान जनता को अधिकार के रूप में प्राप्त हो जाएंगे। इस बेमिसाल और ऐतिहासिक कानून से आमजन को बेतहाशा बढ़ती महंगाई से राहत भी मिलेगी।

## सामूहिक दुष्कर्म, महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाना देश के लिए शर्मनाक ! पांच आरोपी अब तक गिरफ्तार

**मणिपुर (हमारा वतन)।** आज देश 21वीं सदी में जी रहा है और विकास के नए आयाम गढ़ रहा है, ऐसे में देश के लिए इससे बड़ी शर्म की बात क्या होगी ? जहाँ महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया जा रहा है । मणिपुर में 19 जुलाई को कुकी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आना देश के लिए बहुत बड़े शर्म की बात है ।

जानकारी के अनुसार मणिपुर के थाउबल जिले में 4 मई को लगभग 1 हजार मैतेई लोगों ने एक गांव में हमला किया था । हमलावरों ने तीन कुकी महिलाओं और दो पुरुषों को पकड़ लिया। एक महिला बच कर निकल गई जबकि दो को निर्वस्त्र कर घुमाया और एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म भी किया गया । भीड़ ने दोनों पुरुषों की गोली मारकर हत्या कर दी । वारदात के बाद दोनों महिलाएं किसी तरह कुकी बहुल क्षेत्रों में पहुंची । 19 जुलाई को घटना का वीडियो सामने आने के बाद करीब 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के बारे में पुलिस का दावा है कि पड़ताल जारी है ।



**सुप्रीम कोर्ट** ने भी सामूहिक दुष्कर्म, महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में स्वत संज्ञान लिया और केंद्र और राज्य सरकार को चेताया कि सरकार एक्शन ले वरना हम लेंगे । वीडियो परेशान करने वाला है, अभी यह भी नहीं पता कि यह घटना थी या ऐसी घटनाओं का कोई पैटर्न है । महिलाओं को हिंसा के साधन के रूप में इस्तेमाल करना अस्वीकार्य है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कहा कि मेरा हृदय पीड़ा से भरा है, क्रोध से भरा है। मणिपुर की घटना से 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार होना पड़ा है । किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जाएगा ।

**मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह** ने कहा कि घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस को आरोपियों की गिरफतारी के निर्देश दे दिए गए हैं ।दोषियों को फांसी के तख्ते तक पहुंचाया जाएगा ।

जानकारी के लिए आपको बता दें कि मणिपुर में लगभग ढाई महीने से हिंसा चल रही है ।

सबसे ज्यादा दंश महिलाओं को झेलना पड़ रहा है और महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरा देश स्तब्ध है। पीड़ित महिलाओं में से एक महिला का पति कारगिल का जांबाज है । उसने कहा कि मैंने मोर्चे पर अपने देश को बचाया लेकिन अपनी पत्नी की लाज नहीं बचा पाया । एक हजार की भीड़ का कोई मुकाबला ही नहीं था। मैं घर, पत्नी और गांव वालों को नहीं बचा पाया। पुलिस वालों ने भी हमें सुरक्षा नहीं दी। 3 घंटे तक भीड़ दरिंदगी करती रही । आलम यह था कि भीड़ अश्लीलता की हदें पार कर निर्वस्त्र महिलाओं के आगे शोर मचाते हुए चल रही थी । आशा है कि देश की सकारात्मक ताकतें मिलकर जल्द ही मणिपुर के मसले का हल निकालेंगी और अमन लौटेगा। जिम्मेदारों को अब आगे आकर हल निकलना ही होगा ।



## सुबोध पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ तीन दिवसीय इंटर स्कूल इवेंट 2023 का समापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजधानी जयपुर के रामबाग स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में 3 दिनों से कल्चरल यूनिटी इन इंडिया थीम पर चल रहे इंटर स्कूल इवेंट्स 2023 का समापन विभिन्न एक्टिविटीज के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न भारतीय संस्कृति की विविधता में एकता का साक्षात करने का अवसर मिला। समापन दिवस पर स्टैंड अप कॉमेडी के माध्यम से स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा एवं कौशल का इस्तेमाल करते हुए व्यंग्यात्मक एवं हास्यास्पद अभिनय के माध्यम से अपनी बात को उपस्थित दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश की। वहीं नृत्य के माध्यम से भारतीय रीति-रिवाजों, त्योहारों के द्वारा बड़े ही अद्भुत अंदाज में भारतीय संस्कृति के जीवटता का परिचय दिया । साथ ही फोटोग्राफी के माध्यम से स्टूडेंट्स ने प्रकृति के अनछुए अदृश्य पलों को समेटने की कोशिश की, जो काबिले तारीफ रही । गौरतलब है कि इंटर स्कूल इवेंट में जयपुर शहर के सीबीएसई से संबद्ध लगभग 25 स्कूल पार्टिसिपेट कर रहे थे । 22 जुलाई को समापन अवसर पर क्लास 11 और 12 के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। आई एम फनी (स्टैंड अप कॉमेडी) में पहला स्थान स्प्रिंगडेल्स स्कूल, दूसरा कैंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल और तीसरा कैंब्रिज कोर्ट हाई स्कूल ने प्राप्त किया। स्विंग स्क्वायड (डांस) में पहला स्थान जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल, जयश्री पेरीवाल ग्लोबल स्कूल, दूसरा स्थान सेंट एंजिला सोफिया और माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर, तीसरा स्थान टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ने प्राप्त किया। कैंडिड क्लिक (फोटोग्राफी) प्रतियोगिता में पहला स्थान सीडलिंग पब्लिक स्कूल, जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल, दूसरा स्थान जयश्री पेरीवाल ग्लोबल स्कूल, तीसरा स्थान सुबोध पब्लिक स्कूल एयरपोर्ट ने प्राप्त किया। मेजबान होने के कारण सुबोध पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने सिर्फ़ पार्टिसिपेट ही किया । स्कूल प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और सभी से अपना कौशल का प्रदर्शन हमेशा करते रहने के लिए प्रेरित किया ।

## सामोद में चूड़ी निर्माण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चौमूं (हमारा वतन)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत लर्नस के व्यवसायिक कौशल री स्केलिंग एवं अप स्केलिंग के तहत चूड़ी निर्माण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण (कार्यशाला) सामोद सरपंच बरजी देवी के मुख्य आतिथ्य और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सामोद की प्रधानाचार्य संतोष वर्मा की अध्यक्षता में 20 जुलाई से 22 जुलाई तक ग्राम पंचायत सामोद में संपन्न हुआ । प्रशिक्षक व्याख्याता मीना यादव ने चूड़ी निर्माण की महता व रोजगार में चूड़ी निर्माण का योगदान और इस लघु उद्योग के लिए बैंक से लोन लेने आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान पूर्व सरपंच भगवान सहाय सैनी, वार्ड पंच जितेंद्र कुमार बुनकर, रोहिताश मीणा , सरस डेयरी के अध्यक्ष बंशीधर जाट, पंचायत शिक्षक पूरणमल शर्मा, करिश्मा सैनी तथा प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।





# अंबेडकर विकास समिति द्वारा अंबर चरखा वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन







जयपुर (हमारा वतन)। चौमूं स्थित अंबेडकर विकास समिति द्वारा हाथनौदा ग्राम में संचालित कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र में अंबर चरखा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा के कर कमलों द्वारा 30 कतिनों को 30 दिन के प्रशिक्षण के पश्चात निःशुल्क चरखे वितरित किए गए । साथ में सभी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो भी भेंट किए। जिसमें अंबेडकर विकास समिति चौमूं की 10 कतिन, खादी ग्रामोद्योग मंडल अमरसर की 10 कतिन और संकल्प खादी ग्रामोद्योग संस्थान निवाणा की 10 कतिनों को चरखा वितरित किए गए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर, सूत की माला पहनाकर किया गया। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने समारोह में बैठी कतिन और बुनकरों के बीच बैठकर चर्चा की और सभी को आश्वासन दिया कि खादी बोर्ड के द्वारा विकास फंड - भंडार नवीनीकरण, कतिन- बुनकर कार्यकर्ता प्रोत्साहन योजना और कतिन बुनकर को प्रशिक्षण योजना के लिए वित्त खादी बोर्ड के द्वारा दिया जाएगा और नियमित रूप से प्रशिक्षण के बाद 300 रुपए स्टाईपेंड के रूप में देंगे । इसके बाद पूर्ण प्रशिक्षण का ज्ञान लेकर खादी से जुड़कर नियमित रूप से कार्य करें ताकि 300 से 500 रुपए पारिश्रमिक प्राप्त कर सुधार लाया जा सके । समारोह के दौरान अंबेडकर विकास समिति के मंत्री रामजी लाल वर्मा, खादी ग्रामोद्योग के अमरसर के मंत्री रमेश सार्दुल, संकल्प खादी ग्रामोद्योग के मंत्री सोहन लाल बुनकर, शाहपुरा खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष नंदलाल गोठवाल और मंत्री हनुमान सहाय कांदेल सहित सभी अतिथियों को छायाचित्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया । इस दौरान करीब 200 कतिनें - बुनकर मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन कविता वर्मा द्वारा किया गया ।

## वृक्षमित्र डॉक्टर त्रिलोक चंद्र सोनी का हुआ सम्मान



उत्तराखंड (हमारा वतन)। उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति पर आधारित हरेला पर्व पखवाड़े के तहत श्री गुरु रामराय इण्टर कालेज भाऊवाला देहरादून में विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरेला पर्व की महत्वता व पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन तथा पौधों की महत्व के बारे में चर्चा की गई।

इस अवसर पर राइका मरोड़ा सकलाना में कार्यरत शिक्षक प्रसिद्ध पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को भी आमंत्रित किया गया और पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण के क्षेत्र में विगत 30 वर्षों से कार्य कर रहे और मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) अभियान चलाकर प्रदेश के जन जन व विद्यालयों में अध्ययन छात्र छात्राओं को जागरूकता का संदेश देने वाले वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को विद्यालय के प्रधानाचार्या दमयंती परदियाल ने फूलो का गुलदस्ता, स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर हरेला सम्मान से सम्मानित किया। प्राध्यानाचार्या दमयंती परदियाल ने कहा कि उत्तराखंड में वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने जो महानिदेशक व निदेशक शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय के लिए मेरा पेड़-मेरा दोस्त (मेरा वृक्ष-मेरा मित्र) का आदेश भेजे हैं, उससे छात्रों में पेड़ पौधों के प्रति लगाव होगा और वे उनका संरक्षण करेंगे। डॉ. सोनी का यह प्रयास बहुत ही प्रशंसीय हैं। वृक्षमित्र डॉ. सोनी ने कहा अपने यादगार पलों पर एक पौधा इस धरती को उपहार में दें वही हमारी इस प्रकृति की सच्ची सेवा होगी।

इस अवसर पर एसीएफ अनिल रावत, रेंजर जितेंद्र गुसाईं, चंद्रप्रभा वर्मा, रिटायर्ड चीफ जनरल ओएनजीसी, उर्मिला चौखियाल, परमजीत कौर, यशपाल नेगी, पीटीए अध्यक्ष उदल सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता नरेश टम्टा, योगेश मेलकानी, मनोज पंत, हरेंद्र नेगी, नीरजा सैनी, सुमित लाल, अनुज रतूड़ी, नरेश थपलियाल आदि उपस्थित रहे ।



## हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य के प्रतिनिधि मंडल ने की राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट

उदयपुर (हमारा वतन)। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल ने बताया कि संगठन के राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य एवं प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

राज्य सचिव औदीच्य ने खाटू श्याम दर्शन के दौरान गुलदस्ता एवं आराध्य देव श्रीनाथ जी की तस्वीर भेंट करते हुए वीरो की भूमि राजस्थान में स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य के द्वारा बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु की जा रही गतिविधियों से अवगत कराया।

इस शुभ अवसर पर संगठन के राज्य संगठन आयुक्त स्काउट रिपुदमन सिंह गिल एवं राज्य संगठन आयुक्त गाइड कविता जैन सहित सहायक सचिव समन्वयक विजय दाधीच के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। राष्ट्रपति ने संगठन की गतिविधियों से अभिभूत होकर शुभकामनाएं दी।

## भव्या फाउंडेशन का ग्लोबल एक्सीलेंसी अवार्ड समारोह 30 जुलाई को

जयपुर (हमारा वतन)। भव्या फाउंडेशन द्वारा 30 जुलाई को जयपुर में ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 और अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन का आयोजन जयपुर के जगतपुरा स्थित सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के कालिंदी ऑडिटोरियम में किया जाएगा ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी और पत्रकार पवन कपूर, दीप प्रज्वलन केटीसी ग्रुप के डायरेक्टर राज खान, उद्घाटनकर्ता जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अति विशिष्ट अतिथि वीणा राव मुंबई, आदित्य राज जयपुर, डॉक्टर अशोक नारायण माथुर जयपुर और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. अलका भार्गव, डॉ. आनंद सिंह, जितेंद्र नाग, नितेश जेठवा, डॉक्टर जितेंद्र प्रसाद माथुर, कुलदीप माथुर, डॉक्टर राजपाल, प्रदीप ऋष्चिया, जयप्रकाश भटनागर, बृजमोहन शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन आरजे सपना




करेंगी। भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेंद्र माथुर और निदेशक डॉ. निशा माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में कैंसर पीड़ित, निशक्तजन और ऑटिज्म वोरियर्स बच्चों को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुस्तक लोकार्पण और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा ।

# राजस्थान में पेपर लीक के दोषी को अब आजीवन कारावास तक की सजा

जयपुर (हमारा वतन)। संसदीय कार्य मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक एवं नकल रोकने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।



पूर्व में इस हेतु राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम - 2022 लागू किया गया था। अब इसमें अधिक सख्त सजा का प्रावधान करते हुए संशोधन विधेयक लाया गया है। इसके अंतर्गत कारावास की न्यूनतम अवधि 5 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष तथा अधिकतम अवधि 10 वर्ष से बढ़ाकर आजीवन तक करने का प्रावधान किया गया है। धारीवाल विधान सभा में राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) (संशोधन) विधेयक - 2023 पर हुई चर्चा के बाद अपना जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत संशोधन विधेयक लाया जाना जरूरी था। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन राजस्थान में अन्य राज्यों की तुलना में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए सजा के अधिक सख्त प्रावधान किये गए हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में मौजूद अधिनियम के अंतर्गत पेपर लीक में लिप्त व्यक्ति से जुर्माना वसूलने व सम्पत्ति कुर्क किये जाने के साथ ही परीक्षा व्यय की राशि वसूले जाने का भी प्रावधान है। साथ ही, इस अपराध को संज्ञेय और गैर जमानती बनाया गया है।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के हित में दिया फैसला

जयपुर (हमारा वतन)। राजस्थान हाई कोर्ट ने प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के हित में फैसला दिया है। अब 30 जून तक रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को उनके पिछले एक साल की वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने विजय समेत 150 लोगों की याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार को



30 जून तक रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को सालाना वेतन वृद्धि का लाभ देना होगा। अधिवक्ता राम प्रताप सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ता का जन्म एक जुलाई को हुआ इसलिए वे 30 जून को रिटायर तो हो गये, लेकिन एक साल की सेवा पूर्ण की। इसलिए उन्हें लाभ दिया जाए। कोर्ट ने बकाया एरियर देने के लिए भी कहा है।




## कल्पना हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में शुरू हुई आरजीएचएस की सुविधा

चौमूं (हमारा वतन)। चौमूं शहर के सामोद पुलिया के पास, एनएच 52 स्थित कल्पना हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में राजस्थान सरकार की आरजीएचएस योजना शुरू हो गई है । हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि कल्पना हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अब सभी सरकारी कर्मचारियों को आरजीएचएस के तहत कैशलेस ओपीडी और आईपीडी की चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी, जो मरीजों के हित में रहेगी।

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस/आरटीएस, पद संख्या 905, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023
2. राजस्थान हाउसिंग बोर्ड, पद जूनियर असिस्टेंट जूनियर अकाउंटेंट व अन्य, पद संख्या 258, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2023
3. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, पद टीजीटी और हॉस्टल वार्डन, पद संख्या 6329, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2023
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम, स्टाफ नर्स जीएनएम, पद संख्या 3646, अंतिम तिथि 8 अगस्त 2023
5. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पद संख्या 430, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2023
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जूनियर लीगल ऑफीसर, पद संख्या 140, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2023
7. राजस्थान स्वायत शासन विभाग, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 13184, अंतिम तिथि 4 अगस्त 2023
8. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद एसआई पद संख्या 1876 अंतिम तिथि 15 अगस्त 2023




# जाह्नवी कपूर का मरमेड गाउन में दिखा हद से ज्यादा बोल्ड अवतार, वीडियो देखकर लोगों के उड़े होश

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी बवाल को लेकर काफी सुर्खियों में बनीं हुई हैं। इस फिल्म में बवाल को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में जाह्नवी बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। वरुण और जाह्नवी इस वक्त नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म बवाल के प्रमोशन में जोरों-शोरों से जुटे हुए हैं। ये फिल्म इसी महीने जुलाई में रिलीज होने वाली है। ऐसे में जाह्नवी का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस अपनी अदाओं का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं।जाह्नवी कपूर एक्टिंग के साथ अपने लुक और ड्रेसिंग सेंस को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। इसी बीच अब जाह्नवी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना लेटेस्ट वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में हमेशा की तरह ही उनका हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है। वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस मरमेड गाउन में काफी हॉट लग रही है। इस दौरान उन्होंने मैटेलिक सिल्वर मरमेड ऑफ शोल्डर गाउन कैरी किया है। इस गाउन में जाह्नवी सेक्सी पोज देती दिख रही हैं। जाह्नवी के लुक को उनके खुले और हवा में लहराते बाल उन्हें और हॉट बना रहे हैं।जाह्नवी कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस पर कमेंट कर यूजर्स लगातार उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। वीडियो पर कमेंट कर एक यूजर ने उनकी तारीफ करते हुए लिखा, बवाल है जाह्नवी कपूर का ये लुक। एक ने लिखा, आज श्रीदेवी जिंदा होती तो तुमको देखकर खुश होती।एक यूजर ने लिखा, एक्टिंग पर कम, लेकिन फिगर पर कुछ ज्यादा ही ध्यान दिया है। जहां, कई यूजर्स को जाह्नवी का बोल्ड अवतार पसंद आ रहा है तो कई उन्हें ट्रोल करते भी नजर आ रहे हैं।



# जैकलीन फर्नांडिस
## ने ब्लैक ब्रालेट में कराया बेहद बोल्ड फोटोशूट, तस्वीरें देख फैंस ने थाम लिया दिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस इंडस्ट्री की जान मानी अभिनेत्री हैं। अपने करियर में जैकलीन ने कई हिट फिल्में दी हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस का नाम सुकेश चंद्रशेखर के साथ जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर खूब सुर्खियों में रहा था। सुकेश संग नाम जुड़ने के बाद सोशल मीडिया पर जैकलीन को काफी ट्रोल भी किया गया। वहीं, अब जैकलीन की लेटेस्ट बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन तस्वीरों में उनका सुपर बोल्ड अवतार देखकर फैंस की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। इन तस्वीरों को देखने से पहले आप भी अपना दिल थाम लें।




**डिजाइनर ब्रालेट पहन जैकलीन ने मचाया गदर**-जैकलीन फर्नांडिस एक्टिंग के साथ सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। हाल ही में जैकलीन ने अपना बोल्ड फोटोशूट कराया है, जिनकी तस्वीरों उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस बस देखते ही बन रही है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि जैकलीन ने ब्लैक कलर का डिजाइन ब्रालेट पहना हुआ है। फ्रंट से इस ब्रालेट का डिजाइन काफी यूनिक है। इसके साथ उन्होंने ब्लू डेनिम जींस कैरी की है। वहीं, अपने लुक को और भी खूबसूरत बनाने के लिए एक्ट्रेस ने अपने बालों को ओपन रखा है।

**तस्वीरों पर फैंस ने किए जमकर कमेंट्स**-जैकलीन फर्नांडिस इन तस्वीरों में अलग-अलग अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। इस तस्वीर में उनका जलवा बस देखते ही बन रहा है। एक्ट्रेस की ये फोटोज काफी वायरल हो रही हैं।

# मणिपुर घटना पर फूटा प्रियंका चोपड़ा का गुस्सा, कहा- महिलाओं संग जघन्य अपराध होने के 77 दिन बाद...

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना आज पूरा देश शर्मसार है। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद हर किसी का खून खौल गया। महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना का विरोध करने के साथ हर कोई दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग रहा है। ऐसे में बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स का भी इस घटना पर गुस्सा फूटा है। इसी कड़ी में अब ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने भी इस घटना की निंदा करते हुए अपना रिएक्शन दिया है।मणिपुर में दो ट्राइबल महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की भयावह घटना पर इस वक्त पूरे देश में हंगामा मचा हुआ है। ऐसे में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने भी मामले की कड़ी निंदा करते हुए अपना रिएक्शन दिया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, यह एक वीडियो वायरल हो रहा है... जघन्य अपराध होने के 77 दिन बाद... कार्रवाई किए जाने से पहले तर्क? कारण? कोई फर्क नहीं पड़ता है। फिर चाहे कोई भी हो या क्यों हो, किसी भी परिस्थितियों या हालात में हम महिलाओं को किसी भी मामले में खेल का मोहरा बनने नहीं दे सकते। इस शर्म और गुस्से को अब एक साथ आकर सिर्फ एक चीज के लिए आवाज उठाने की जरूरत है- तुरंत न्याय मिलने के लिए।बता दें कि प्रियंका चोपड़ा से पहले बीते दिन अक्षय कुमार, ऋचा चड्ढा, आशुतोष राणा, रेणुका शहाणे, जया बच्चन, उर्फी जावेद, आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी, संजय दत्त और रितेश देशमुख सहित तमाम स्टार्स ने भी मणिपुर में महिलाओं संग हुई हैवानियत की निंदा की थी। वहीं उर्फी ने तो एयरपोर्ट पर एक तख्ती पर हैश्टैग मणिपुर लिखकर विरोध किया। साथ ही इन सभी स्टार्स ने आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की है।





# डिलीवरी के बाद का पहला हफ्ता है महत्वपूर्ण, एक्सपर्ट बता रही हैं पोस्टपार्टम केयर के लिए टिप्स

बच्चे के साथ-साथ मां की सेहत को एक उचित देखभाल की आवश्यकता होती है जिसमें महिलाएं अक्सर चूक जाती हैं, जिसकी वजह से कई सारी स्वास्थ्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। बच्चे को जन्म देने के साथ मां का एक नया जन्म होता है। इस कहावत में कोई दो राय नहीं है। हालांकि, इस दौरान मां का केवल नया जन्म ही नहीं बल्कि उनके एक नए जीवन की शुरुआत भी होती है। बच्चे के जन्म के बाद उनकी देखभाल में सारी सारी रात जागना, अपनी जीवनशैली की पुरानी आदतों को छोड़कर पूरे दिन उनकी देखभाल में लगे रहना जीवन में एक बड़ा बदलाव लाता है। जिसे कुछ महिलाएं आसानी से अपना लेती हैं तो कुछ महिलाओं को इस नई जिंदगी की शुरुआत करने में काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। बच्चे के साथ-साथ मां की सेहत को एक उचित देखभाल की आवश्यकता होती है जिसमें महिलाएं अक्सर चूक जाती हैं, जिसकी वजह से कई सारी स्वास्थ्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आज बात करेंगे डिलीवरी के बाद बच्चे के साथ-साथ खुद की देखभाल से जुड़े कुछ टिप्स के बारे में। ऑब्सटेट्रिशियन और गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर दिव्या ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए महिलाओं के लिए डिलीवरी के बाद देखभाल के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स दिए हैं। आइये जानते हैं आखिर किस तरह महिलाओं को करनी है अपनी देखभाल ।



**1. डिलीवरी के पहले हफ्ते शरीर को दें पर्याप्त आराम-** डिलीवरी पीरियड में हॉस्पिटल के चक्कर लगाते हुए और दर्द के कारण हो सकता है आप कई रातों से अच्छी तरह न स पाई हों। वहीं अब जब तक बच्चा थोड़ा बड़ा नहीं हो जाता तब तक आपकी रात की नींद उड़ी रहती है। ऐसे में अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए डिलीवरी के बाद के पूरे हफ्ते पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें। कुछ देर अपने पार्टनर या परिवार के अन्य सदस्य से बच्चे की देखभाल करने कहे और खुद आराम कर लें। ऐसा करने से आपको रिकवरी में मदद मिलेगी अन्यथा डिलीवरी के बाद बरती गई छोटी सी लापरवाही आपके लिए बड़ी परेशानियां खड़ी कर सकती है।

**2. मदद मांगने से न हिचकिचाएं**-बच्चे के जन्म के बाद बच्चे के साथ मां की देखभाल भी बेहद जरूरी है, ताकि वे जल्द से जल्द रिकवर हो सकें। ऐसे में महिलाओं को परिवार और दोस्तों से मदद लेने से हिचकिचाना नहीं चाहिए। पोस्टपार्टम पीरियड में आपको लोगों की आवश्यकता होती है।आवश्यकता पड़ने पर चाहे बच्चे का डायपर बदलना हो या बच्चे के लिए खाना तैयार करना हो, वहीं भूख लगने पर या किसी चीज की आवश्यकता होने पर परिवार के सदस्यों से खुलकर मदद मांगे। इस दौरान आपको सबसे अधिक आवश्यकता अपने पार्टनर की होती है, डिलीवरी के बाद कम से कम 7 दिन तक उन्हें अपने साथ रहने को कहें। **3. डाइट का रखें विशेष ध्यान**-डिलीवरी के बाद रिकवर होने और खुद को हील करने के लिए हेल्दी डाइट मेंटेन करना बेहद महत्वपूर्ण है। भरपूर मात्रा में अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें। साथ ही प्रोटीन लेना जरूरी है।



# सावन सोमवार के दिन करें कपूर के ये उपाय बरसेगी महादेव की कृपा

सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। वहीं, दूसरी और सोमवार का दिन भी भगवान शिव को समर्पित है। ऐसे में सावन माह में पड़ने वाले सोमवार का महत्व और भी बढ़ जाता है। आज हम आपको कपूर के कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें सावन के सोमवार के दिन करने से विशेष लाभ मिलता है।

**इस तरह करें आरती** सावन के सोमवार के दिन या अन्य दिनों में जब भी आप भगवान शिव की आरती करें तो उसमें कपूर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इसके लिए आप जब भी भगवान शिव की आरती करें तो कपूर का एक छोटा-सा टुकड़ा आरती की लौ में डाल दें। आरती में कपूर जलाते समय भगवान शिव का ध्यान करें और घर की समृद्धि की कामना करें।

**हमेशा बनी रहेगी खुशहाली** सावन के सोमवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर कपूर और घी का दीपक जलाने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इससे घर में हमेशा खुशहाली बनी रहती है। दीपक जलाते समय घर की आर्थिक स्थिति के लिए कामना करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से घर में माता लक्ष्मी का आगमन होता है। साथ ही घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है।

**शिवलिंग पर चढ़ाए कपूर** सावन में भगवान शिव को कई तरह की चीजें चढ़ाई जाती हैं। ऐसा माना गया है कि कपूर चढ़ाने से वो बहुत जल्द ही प्रसन्न होते हैं। आप शिवलिंग पर सीधे कपूर चढ़ा सकते हैं या फिर कपूर को जल में मिलाकर इस जल से शिव जी का अभिषेक भी कर सकते हैं। इससे भी लाभ प्राप्त होता है।

# घर की इस दिशा में लगाएं एलोवेरा चेहरे के साथ-साथ चमक सकती है किस्मत

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एलोवेरा के अनगिनत लाभ हैं। इसके गुणों के चलते लगभग हर घर में एलोवेरा का पौधा पाया जाता है। एलोवेरा के इस्तेमाल से चेहरे पर तो चमक आती ही है, लेकर घर में वास्तु शास्त्र के अनुसार एलोवेरा का पौधा लगाया जाए तो व्यक्ति के भाग्य तक को चमका सकता है।

**वास्तु के अनुसार एलोवेरा लगाने के लाभ**-एलोवेरा का पौधा सही दिशा में लगाने से सुख समृद्धि का सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर भागती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। वास्तु शास्त्र में माना गया है कि घर में एलोवेरा लगाने से प्रेम, प्रगति, धन, प्रमोशन और प्रतिष्ठा बढ़ती है। जीवन में या सफलता में आ रही सभी तरह की बाधाओं को दूर करने में यह पौधा सहायक है।

**एलोवेरा लगाने की सही दिशा** वास्तु के अनुसार एलोवेरा का पौधा सही दिशा में लगाया जाए तो इसके कई लाभ मिलते हैं। अपने कार्यक्षेत्र में तरक्की के लिए एलोवेरा के पौधे को घर के पश्चिम दिशा में लगाना शुभ माना गया है। आप चाहें तो एलोवेरा का पौधा घर के दक्षिण-पूर्व दिशा में भी लगा सकते हैं। यह दिशा भी एलोवेरा का पौधा लगाने के लिए लाभकारी सिद्ध होती है।

**हमारा वतन**

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।

Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# दलों की टूट से नुकसान में लोकतंत्र

प्रतिनिधियों के जरिये संचालित होने वाले लोकतंत्र में राजनीतिक दल एक महत्वपूर्ण और उपयोगी तत्व होते हैं। कुछ पश्चिमी लोकतंत्रों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट है कि सियासी पार्टियों का सुचारू संचालन लोकतंत्र को सेहतमंद बनाता है। अपने देश में आजादी के बाद से राजनीतिक दलों की संख्या लगातार बढ़ती रही है। आज हमारे पास छह राष्ट्रीय दल, 54 प्रादेशिक और 2,597 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दल चुनाव के लिए ज्यादा प्रासंगिक माने जाते हैं। हालांकि,


राम गोपाल सैनी

कुछ गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां भी खास इलाकों में चुनावी मैदान में उतरती हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर लॉबी के रूप में काम करती हैं या वे पार्टियों को मिलने वाले कर-लाभ का फायदा उठाकर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त रहती हैं। कुल मिलाकर, अपने यहां अमेरिका और ब्रिटेन के मुकाबले काफी अलग तस्वीर दिखती है। वहां राष्ट्रीय स्तर पर महज दो या तीन प्रमुख दल ही चुनाव लड़ते हैं।भारत में राजनीतिक दलों में टूट कोई नई बात नहीं है। यहां टूटने वाली पहली राजनीतिक पार्टी 1964 में कम्युनिस्ट पार्टी थी। इसके कुछ वर्षों बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस को भी इसी नियति का सामना करना पड़ा। मगर हाल के वर्षों में ऐसे विभाजनों और दलबदल की बाढ़ सी आ गई है, जिसमें सत्ता पाने के लिए राजनीतिक वैचारिकता का भी ख्याल नहीं रखा जाता। विभाजन का अंदाज भी बीते कुछ वर्षों में बदल गया है। अब तो यही दिखता है कि मूल पार्टी के भीतर मुख्यतः नेतृत्व संघर्ष के कारण कोई नेता टूटकर सत्तारूढ़ पार्टी या गठबंधन में शामिल हो जाता है। यह टूट विभाजित होने वाली पार्टी के अंकगणित और सत्तारूढ़ दल की ताकत पर काफी हद तक निर्भर करती है। लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से यही अपेक्षा की जाती है कि वे नागरिकों की इच्छा का प्रतिनिधित्व करें, और विधायिका से जुड़े लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में अपना योगदान दें। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था की एक अनोखी विशेषता राजनीतिक दलों की वह फूट भी है, जिसमें चुनाव-पूर्व गठबंधन बनाकर चुनावी मैदान में उतरा जाता है, लेकिन बाद में सरकार बनाने के एकमात्र मकसद से पुराने साथी को छोड़कर नया गठजोड़ कर लिया जाता है। यह स्थिति लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है, क्योंकि इसमें लोगों की इच्छा या जनादेश का प्रतिनिधित्व नहीं हो पाता, और ऐसा करना अंततः लोकतंत्र के एक आवश्यक सिद्धांत की अवहेलना है। चुनाव के तुरंत बाद या नजदीकी दिनों में पार्टियों में इस तरह की टूट वास्तव में हमारी राजनीति का एक दुखद पहलू है। यह हमें परिपक्व लोकतंत्रों की सूची से बाहर कर देता है। दलबदल-विरोधी कानून इसका एक प्रमुख कारण जान पड़ता है। इस कानून के तहत आधिकारिक मान्यता हासिल करने के लिए मूल पार्टी से अलग होने वाले विधायकों या सांसदों की संख्या का दो-तिहाई होना अनिवार्य है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# उत्तराखंड सरकारी स्कूल में मनाया हरेला पर्व

उत्तराखंड (हमारा वतन)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझोली में हरेला पर्व के अवसर पर पर्यावरण मित्र एवं प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक पाल सिंह द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस दौरान तुलसी, रुद्राक्ष, गिलोय, नीम, अमरूद, आम, सहजन आदि के पौधे लगाए गए । पर्यावरण मित्र अशोक पाल सिंह ने कहा कि हरेला पर्व पर पर्यावरण संरक्षण हमारी लोक संस्कृति का हिस्सा है । इस अवसर पर ग्रामीणों को 50 पौधे बांटे गए । हरेला पखवाड़ा 24 जुलाई तक चलेगा, इसमें प्रत्येक ग्रामीण को पौधा भेंट किया जाएगा । इस दौरान अबूजर, खालिद, आरिफ, अरमान, आसिफ, फैजान, रितिक, आलोक आदि ने सहयोग और प्रतिभाग किया ।




# सावन (कविता)

मनभावन सावन आते ही,
रिमझिम बारिश आती है।
हरे भरे पल्लवित उपवन में,
रौनक अनोखी छा जाती है।

सूखी शाखाओं पर भी,
कोंपल नाज़ुक आती है।
भरमार सरीसृपों सहित,
कीट पतिंगों की छाती है।

जल आवक से जलाशयों में,
कमल-कुमुदिनी मदमाती है।
देख लबालब पोखर का छोर,
जलीय जीव मेंढकी हर्षाती है।

शुष्क पड़ी मरुधरा में फसलें,
मोठ-बाजरी की लहलहाती हैं।
मनभावन सावन आते ही,
रिमझिम बारिश आती है।

बोले दादुर मोर पपीहा पावस में,
कोयल ने अक्सर मौन साधी हैं।
चंपा चमेली जूही की खुशबू,
अंतर्मन मदहोशी खूब लाती है।

झूला झूलती सखियां बगिया में,
हो उल्लसित गीत मल्हार गाती है।
नवपरिणीत सखी
से कर ठिठोली,
प्रियतम की यादों से लजाती है।

निर्झरणी तीर्थस्थल देवालयों पर,
देवाधिदेव महादेव
भक्ति भाती है।
मनभावन सावन आते ही,
रिमझिम बारिश आती है।



-महेन्द्र सिंह कटारिया, नीमकाथाना

# भीलवाड़ा जिले के पुर में क्षतिग्रस्त मकानों का होगा पुनः सर्वे : टीकाराम जूली

जयपुर(नि.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विधानसभा में आश्वस्त किया कि भीलवाड़ा जिले के उपनगर पुर में क्षतिग्रस्त मकानों का पुनः सर्वे कराया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का आयोजना मंत्री की ओर से जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को नगर विकास न्यास द्वारा आरक्षित दर पर आवासीय भूखंड दिए जा रहे हैं और 693 आवेदकों की लॉटरी भी निकाली जा चुकी है। इससे पहले विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 28 सितम्बर 2019 को पुर का दौरा कर वहां मकानों में आ रही दरारों के कारणों की जांच, सर्वे व प्रभावितों को मुआवजे से संबंधित निर्देश दिये थे। इसकी पालना में मकानों में आ रही दरारों के कारण ज्ञात करने और सर्वे कार्य के लिए आई.आई.टी रूड़की के वैज्ञानिकों की 'सशक्त कमेटी' का गठन किया गया।जूली ने बताया कि सर्वे में 718 परिवार प्रभावित पाए गए, जिनमें से 693 भूखण्ड आवास मालिकों को क्षतिपूर्ति के तहत् आवासीय भूखण्ड दिये जा रहे हैं।

# 27 अगस्त को आयोजित होगा विशाल मेघवंश जागृति महासम्मेलन

जालोर (हमारा वतन)। राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा व राजस्थान मेघवाल समाज, राजस्थान (मेघवंश) बलाई महासभा के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त 2023 को विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने जा रहे विशाल मेघवंश जागृति महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए निम्न प्रकार से आयोजित कमेटी का सभी से सलाह कर गठन किया जा रहा है।



ये कमेटी सभी जिलों में भी आयोजन कमेटियों का गठन कर सभी जिलो/तहसील में दौरा कर मेघवंश जागृति महासम्मेलन को सफल बनायेंगे। यह जानकारी अजय चौहान प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा(इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान ने दी।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लेक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com




# पंडित रविंद्र आचार्य ने हरियाली अमावस्या पर द्वादश ज्योतिर्लिंग का किया दूध से अभिषेक

जयपुर (हमारा वतन)। तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने आज श्रावण मास के सोमवार को हरियाली अमावस्या पर दिल्ली रोड स्थित कूकस में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर दूध से अभिषेक किया। पंडित रविंद्र आचार्य ने इस दौरान सभी ब्राह्मणों को तिलक कर दक्षिणा प्रदान की और क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगल कामना की । इस दौरान पंडित हरिओम शर्मा, विष्णु शर्मा ,अमित शर्मा ,महेश शास्त्री, हेमंत भट्ट ,भारती भट्ट आदि लोग भी मौजूद रहे ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा